सोमवार को अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई संभव, प्रशासन ने दिखाई सख्ती

शासकीय जमीन पर कब्जा कर रहने वालों को सता रहा डर

▶ बरेला के हिनौतिया में झुग्गी झोपड़ी बनाकर रहने वाले संदिग्धों का मामला

नवभारत,जबलपुर। बरेला के हिनौतिया में शासकीय जमीन पर पिछले कई सालों से अपने आप को बंजारा बताकर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों के माथे में शिकन आनी शुरू हो गई है। इसी मुख्य वजह प्रशासनिक अमले के दबाव की निकलकर आ रही है। जानकारी के अनुसार प्रशासन द्वारा यहां के लोगों को रविवार तक का अल्टीमेटम दिया था कि वे वहां से अलग हो जाएं। लेकिन रविवार शाम तक किसी ने वहां से हटने की जहमत नहीं उठाई। ऐसे में प्रशासनिक स्तर पर सोमवार से इस इलाके में अतिक्रमण सहित इन लोगों के रहने के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित मानी जा रही है।

जानकारी के अनुसार बरेला के हिनौतिया में पिछले लंबे समय से बसे लोगों को अब अपनी बस्ती उजड़ने का डर भी सताने लगा है। हिनौतिया सहित आसपास के ग्रामीणों ने भी जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन से इनके बारे में पतासाजी करने की शिकायत की कि ये लोग कहां से आए हैं और इनका मूल शहर कहां है तो अमला हरकत में आया और मामला शहर में गरमा गया। मामले में तहसीलदार शशांक दुबे के जारी बयान से साफ है कि सोमवार को इन लोगों को हिनौतिया से हटाने की अंतिम कार्रवाई पर मुहर लग जाएगी। उधर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भी शासकीय जमीन पर कब्जा करने वालों को हटाने सख्त निर्देश जारी कर दिए हैं।

बांग्लादेशी होने की ग्रामीणों ने जताई थी आशंका

उधर हिनौतिया के संदिग्धों की नागरिकता की जांच पुलिस द्वारा भी की जा रही है क्योंकि स्थानीय ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि ये लोग बांग्लादेशी या रोहिंग्या हैं। खबर ये भी है कि प्रशासनिक नोटिस मिलते ही हिनौतिया की बस्ती में रहने वाले कुछ लोगों ने हिंदू धर्म भी अपनाया है जिसको लेकर संदेह और बढ़ गया है।

मतदाता सूची में कैसे जुड़ गए नाम?

इसी बीच खबर निकलकर आ रही है कि संदिग्धों की सूची में आए इन लोगों के नाम मतदाता सूची में भी दर्ज हैं। ऐसे में प्रशासनिक अमले की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं कि जब इन लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं तो फिर इन्हें बस्ती से क्यों बेदखल किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो इन लोगों पर आज तक राजनैतिक संरक्षण के चलते कार्रवाई नहीं हुई है लेकिन इस बार प्रशासन ने पूरी तैयारियां अपने स्तर पर कर लीं हैं।

विक्रेताओं से लिये गये सब्जियों के नमूने

नवभारत,जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा रविवार को शहर में विक्रय की जाने वाली सब्जियों के नमूने लिए गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि कार्यवाही में दमोह नाका से दीनदयाल चौक स्थित सब्जी विक्रेताओं का निरीक्षण किया गया तथा अमखेरा एवं गोहलपुर क्षेत्र में उत्पादित गोभी, पालक, मेथी, बंद गोभी और लौकी के नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल प्रेषित किये गये। विदित है कि जिले में गंदे नाले के पानी से सब्जियों की सिंचाई करने वाले के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसको मद्देनजर रखते हुए जनता के स्वास्थ्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोकने सब्जियों के सैंपल लेकर उनकी जांच की जा रही है।

मेडिकल के बाहर फिर से गुलजार हुए कब्जे

नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते को खुली चुनौती, दस सालों से जमे कब्जों पर एक बार चल चुका है बुल्डोजर

नवभारत,जबलपुर। संभाग के सबसे बड़े नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल बोस कॉलेज अस्पताल की दोनों तरफ की दीवार से सटकर अवैध कब्जा करने वाले स्थाई व अस्थाई अतिक्रमणों को कई दिनों पहले नगर निगम के बुल्डोजर ने ये सोचकर ढहा तो दिया था कि अब यहां दोबारा अतिक्रमणकारी अवैध कब्जा नहीं करेंगे और यातायात सुचारू रूप से चलेगा.... लेकिन नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते की इस कार्रवाई को कब्जाधारियों ने दोबारा खुली चुनौती दी है। नतीजा ये है कि मेडिकल के बाहर फिर से कब्जाधारियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजा लीं हैं जिससे दोबारा से दो पहिया व चार पहिया वाहनों के आवागमन से जाम के हालात निर्मित होने लगे हैं।

विदित हो कि कुछ दिन पहले नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा पिछले करीब 10 सालों से मेडिकल अस्पताल की दीवार के दोनों तरफ जमे अवैध अतिक्रमण को ढहा दिया था जिसके बाद सड़क भी बेहतर दिखने लगी थी। अतिक्रमण प्रभारी मनीष तड़से ने नवभारत को बताया कि निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर भर में लेफ्ट टर्न पर जमे अतिक्रमणों को और अन्य स्थानों में जमे कब्जे को हटाने की कार्रवाई प्रतिदिन की जा रही है। मेडिकल में फिर से जमे अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई दोबारा कराई जाएगी।

विजय नगर चौपाटी में भी कार्रवाई की दरकार

जानकारी के अनुसार विजय नगर चौपाटी में भी कई दिनों पहले अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई की गई थी और वहां टपरे लगाने वाले दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि विजय नगर चौपाटी में अब वे दोबारा अपनी दुकानें न सजाएं लेकिन बीते कई दिनों से यहां देखा जा रहा है कि कई टपरे वाले अपनी-अपनी दुकानें सजाने लगे हैं।

लिफ्ट ली, शराब पिलाई और बाइक, मोबाइल, नगदी लूटकर ले गए

जबलपुर, नवभारत। मझौली थाना अंतर्गत सिहोरा रोड पर अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो बदमाशों ने पहले एक ड्राईवर से लिफ्ट मांगी। इसके बाद दोस्ती बढ़ाई और शराब पिलाई। इसके बाद रास्ते में उसे उतार दिया और उसका मोबाइल, पर्स, नगदी समेत बाइक लूटकर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक विनोद रजक निवासी ग्राम इंद्राना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ड्राईवरी का काम करता है। शाम करीब 4:30 बजे अपनी ससुराल ग्राम दोनी से अपनी मोटरसायकल क्रमांक एमपी 20 एक्स ए 9413 से अपने घर इंद्राना जाने के लिये निकला था शाम करीब 5 बजे सिहोरा रोड अंग्रेजी शराब दुकान मझौली में शराब पीने के लिए रुका। मोटरसायकल शराब दुकान के सामने खडी करके शराब खरीदने के लिए दुकान जा रहा था तभी शराब दुकान के सामने 2 अज्ञात लोग मिले और पूछने लगे कि तुम कहां के हो तो उसने बोला इंद्राना का हूं तो दोनों बोले कि हमें जबलपुर जाना है आप हमें इंद्राना तक छोड़ देना फिर पूछे की आप शराब पीते हैं तो उसने हां कर दी तब उनमें से एक व्यक्ति दुकान के काउंटर से देशी शराब के 2 क्वार्टर लाया इसके बाद सभी लोग शराब दुकान के सामने रखे टपरे के बाजू में खड़े होकर शराब पिए। जबकि वह पहले से ही शराब पिया हुआ था तो उसे अधिक नशा हो गया था तो उनमें से एक व्यक्ति बोला गाडी मैं चलाता हूं तुम पीछे बैठ जाओ इसके बाद तीनों उसकी मोटरसायकल से बैठकर इंद्राना जाने के लिए निकले। हनुमान मंदिर मझौली के आगे जब वह होश में नहीं रहा तभी उसे गाडी से उतार दिए और उसका मोबाइल, पर्स, जिसमें ड्रायविंग लायसेंस एवं नगद पैसे थे निकालकर उसकी गाडी लेकर चले गए।

एक ने खाया जहर, दूसरे ने लगाई फांसी

जबलपुर। भेड़ाघाट थाना अंतर्गत राजा बरखेड़ा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं बेलखेड़ा थाना अंतर्गत चौधरी मोहल्ला में रहने वाले युवक ने जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। मृतकों ने यह आत्मघती कदम किन परिस्थितियों में उठाया है इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि दीपक पटेल 38 वर्ष निवासी राजा बरखेडा भेडाघाट ने सूचना दी कि रविवार सुबह टीन शेड में लगे पंखे में रस्सी से भाई आनंद पटेल 42 वर्ष निवासी राजा बरखेड़ा ने फांसी लगाकर जान दे दी। इसी प्रकार बेलबाग पुलिस ने बताया कि विजय चौधरी 42 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

भाजपा नेता का भांजा शराब तस्करी में पकड़ाया

जबलपुर,नवभारत। हनुमानताल पुलिस ने देर रात भाजपा नेता के भांजे के ठिकानों पर छापेमारी कर दी। सिंधी केम्प भानतलैया और करिया पाथर मरघटाई में सर्चिंग करते हुए भारी मात्रा में शराब जप्त की। साथ ही तस्कर को भी पकड़ा जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। 36 लीटर वियर एवं अग्रेजी शराब कीमती 25000 रुपये जप्त की गई है। पुलिस ने बताया कि ऋषभ सोनकर निवासी सिंधी केम्प भानतलैया के घर के पास बाडे में रेड कार्यवाही की गई। खाकी रंग के 5 कार्टुनों मे भरी हुई 30 बियर के केन 15 लीटर बियर बरामद हुई। आरोपी रिषभ से पूछताछ की गई जिसने कोई भी अधिकार पत्र या लायसेंस प्रस्तुत नहीं किया। पूछताछ में अपने मेमोरेण्डम में आरोपी रिषभ ने स्वीकार किया कि वह अपने घर के वाडे में शराब रखता है और करियापाथर मरघटाई से शराब का विक्रय करता है शेष शराब करिया पाथर मरघटाई में रखना स्वीकार किया।

सीमेन्ट के पाईप के अन्दर छुपा कर रखे थे शराब से भर कार्टून

आरोपी की निशानदेही पर करिया पाथर मरघटाई में रेड कार्यवाही की गई आरोपी द्वारा सीमेन्ट के पाईप के अन्दर छिपाकर रखी गई तीन कार्टून में एक कार्टून में 18 किंगफिशर बियर प्रत्येक केन में 500 एम एल बियर भरी थी। दूसरे कार्टून में 12 नग पाव शीशी मेजिक मोमेन्ट शराब प्रत्येक पाव में 180 एम एल शराब भरी थी। एक कार्टून में चार बोतल ओल्ड मंक रम दो बोतल रायल स्टेग व्हिस्की 2 बोतल रायल चैलेन्ज 4 बोतल ब्लेंडर प्राईड दो बोतल मेजिक मोमेन्ट कुल 14 बोतल मे भरी हुई 10 लीटर 500 ग्राम अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

मामा पार्टी में पदाधिकारी

आरोपी रिषभ सोनकर के कब्जे से बियर एवं अग्रेजी शराब 36.660 लीटर वियर एवं अग्रेजी शराब कीमती 25000 रुपये जप्त की गई। आरोपी रिषभ सोनकर पिता आशीष सोनकर 27 वर्ष निवासी भानतलैया सिन्धी केम्प हनुमानताल का मामा भाजपा में वरिष्ठ नेता के साथ पदाधिकारी भी हैं।

चरगवां पुलिस ने पकड़े दो तस्कर

चरगवां पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 300 पाव देशी शराब जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि भौतिया तिराहा पुलिया के पास नाकाबंदी बाइक से आ रहे सत्यम मेहरा 21 वर्ष एवं मयंक मेहरा 18 वर्ष दोनों निवासी ग्राम जमुनिया को पकड़ा। जिनके कब्जे से 300 पाव देशी शराब जब्त की गई।

संयुक्त दल करेगा दस्तावेज़ और भूमि की गहन जांच

नवभारत,जबलपुर। जिले में ई-उपार्जन पोर्टल पर इन श्रेणी के किसानों के अनुबंध दस्तावेज़ अपलोड न पाए जाने और फर्जी पंजीयन की आशंका को देखते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, तहसीलदारों और उप वन मंडल अधिकारियों को समर्थन मूल्य पर धान और मोटा अनाज बेचने के लिए पंजीकृत सिकमी, बटाईदार एवं वन पट्टाधारी किसानों का 12 दिसम्बर तक अनिवार्य रूप से सत्यापन पूरा करने निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा कि खाद्य, सहकारिता और राजस्व विभाग का संयुक्त दल पंजीयन केंद्रों पर जाकर किसानों द्वारा प्रस्तुत अनुबंध दस्तावेजों की भौतिक सत्यता की गहन जांच करेगा। दल न केवल पोर्टल पर दर्ज रकबे और फसल का मिलान प्रस्तुत अनुबंध से करेगा, बल्कि मूल भूमि स्वामी से संपर्क कर यह पुष्टि भी करेगा कि भूमि वास्तव में सिकमी या बटाई पर दी गई है या नहीं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि केवल सत्यापित किसान ही समर्थन मूल्य पर फसल बेचने के लिए स्लॉट बुक कर पाएंगे।

15 दिसम्बर तक नहीं खरीदी जाएगी इनसे धान

जिले में 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, लेकिन कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सिकमी, बटाईदार और वन पट्टाधारी श्रेणी के किसानों से 15 दिसम्बर तक धान खरीदी नहीं की जाएगी। खरीदी केंद्र प्रभारियों को जारी निर्देश में बताया गया है।

निगमायुक्त ने एसआईआर के कार्यों का लिया जायजा

▶ संभावित चुनौतियों की जानकारी ली, शीघ्र कार्य पूर्ण करने दिये निर्देश

जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कार्यालय में पहुंचकर एस.आई.आर. से जुड़े सभी दस्तावेजों, फार्मों और डाटा अपडेशन की प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने टीम के सदस्यों से उनके दैनिक लक्ष्य, अब तक की उपलब्धि और कार्य को पूरा करने में आ रही संभावित चुनौतियों की विस्तृत जानकारी ली।यह कार्य, जो कि प्रशासनिक सटीकता और शहरी योजना के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, उसे निर्धारित समय सीमा के भीतर त्रुटिरहित तरीके से पूरा करने पर निगमायुक्त ने विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने उपस्थित टीम के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए गति को बढ़ाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में कार्य कर रहे ऑपरेटर्स और कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें और खुद भी कार्यस्थल पर लगातार निगरानी बनाए रखें, ताकि पुनरीक्षण कार्य समय पर और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। निगमायुक्त की इस पहल से उम्मीद है कि महत्वपूर्ण एस.आई.आर. कार्य निर्धारित समय से पहले ही संपन्न कर लिया जाएगा।

हर रविवार मंडी प्रांगण में लगेगा हाट

▶ प्राकृतिक खेती के कृषकों को मिला नया मंच

नवभारत,जबलपुर। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आज जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग की पहल पर साप्ताहिक जैविक हाट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक सिंह गहलोत ने किया। जैविक उत्पादों के प्रति बढ़ते रुझान के कारण हाट में लोगों की बड़ी भीड़ उमड़ी और सैकड़ों नागरिकों ने जैविक साग-भाजी, फल तथा अनाज खरीदे। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश के अनुसार जैविक हाट अब प्रत्येक रविवार को मंडी परिसर में आयोजित होगा। शुभारंभ अवसर पर श्री गहलोत ने किसानों से प्राकृतिक खेती की तकनीकें जानीं और विभिन्न जैविक उत्पादों व स्टॉलों का अवलोकन किया। किसानों ने उन्हें जीवामृत, घन जीवामृत, ब्रह्मास्त्र, पंचपरनी काढ़ा आदि के उपयोग की जानकारी दी। इस हाट से प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को नया बाज़ार और मंच मिलेगा, वहीं नागरिकों को भी उत्तम गुणवत्ता की जैविक सब्ज़ियाँ, फल और अनाज आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। जैविक हाट आयोजन में आत्मा परियोजना की नमिता उरकुड़े, मंडी सचिव राजेश सैयाम, तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शिवमंगल बने अध्यक्ष

जबलपुर, नवभारत। वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के मुख्यालय कार्यकारिणी में रविवार को सीएलआई शिव मंगल प्रसाद को कटनी जोनल अध्यक्ष बनाया गया है। डब्ल्यूसीआरईयू ने यह फैसला सर्व सम्मति से लिया है। यूनियन के सदस्यों ने बधाई देते हुए नवनियुक्त शिवमंगल से आशा की है कि आपके कुशल नेतृत्व में यूनियन अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगा।

ठंड बढ़ने से जल रहे अलाव

नवभारत बेलखाडू (जबलपुर)। पिछले कुछ दिनों से नवंबर माह में ठंड के दौर में तेजी आना प्रारंभ हुई थी दिन प्रतिदिन पारा नीचे गिर रहा था लेकिन बीच में अचानक मौसम में बदलाव और बादलों के छाने से गर्मी और कम ठंड का अहसास ग्रामीण इलाकों में महसूस किया। अभी दो दिन पूर्व से मौसम में बदलाव हुआ, पारा पुन: नीचे लुढ़कर न्यूनतम लगभग 10 डिग्री पर पहुंचने से अलसुबह से लेकर दिन के साथ साथ रात्रि में भी ठंड बढ़ चली। सुबह कोहरे के कारण भी आवागमन में परेशानियां बढ़ गई। लोगों ने एक ओर सुबह और रात्रि में आग जलाकर अलाव का सहारा लिया वहीं दूसरी बच्चे बुजुर्ग सभी ऊनी कपड़ों से ठंड से अपने आप को बचाते नजर आए। शाम के बाद जरूरतमंद घर के बाहर निकले बाकी ने ठंड देखते हुए घर पर सुरक्षित रहना उचित समझा।

नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का उठाया लाभ

नवभारत,बेलखाडू (जबलपुर)। बेलखाडू से पनागर रोड पर स्थित साईं बाबा मंदिर से लगे प्रांगण में नेत्र, मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। यहां रक्त दान हेतु विक्टोरिया टीम भी उपस्थित रही। शिविर आयोजक प्रवीण पटेल सूरतलाई ने बताया कि जन हितार्थ हेतु नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन स्थापक की टीम द्वारा आज आस पास के ग्रामों से आए नागरिकों के लिए सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित शिविर में 90 लोगो का नेत्र परीक्षण किया गया, जिसमें चयनित 29 लोगों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन देवजी नेत्रालय जबलपुर में कराया जाएगा। यहां जबलपुर विक्टोरिया हॉस्पिटल से आई टीम के समक्ष आरती पटेल ने ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चौकी प्रभारी बेलखाडू एसआई राजेश धुर्वे, प्रवीण पटेल, डॉ प्रिया दिनेश जैन, कु ईशा महेरे, रवि पटेल, राकेश नगाइच, राकेश नामदेव, संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सिग्नल पर खड़े लोगों को किया जागरूक

नवभारत, जबलपुर। यातायात पुलिस मालवीय चौक द्वारा तीन पत्ती चौराहे पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान डिस्प्ले बोर्ड, वीएमएस तथा पम्पलेटों के माध्यम से राहगीरों और सिग्नल पर खड़े लोगों को हेलमेट पहनने की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जिन वाहन चालकों को हेलमेट पहने पाया गया, उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया और आग्रह किया गया कि वे एक जागरूक नागरिक के रूप में अन्य लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर यातयात डीएसपी संतोष कुमार शुक्ला, सूबेदार रोहित तिवारी, सूबेदार राहुल सिंह सहित अन्य यातयात पुलिस मौजूद थी।

कॉम्बिग गश्त में 242 वारंटी, 32 तस्कर गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने कॉम्बिग गश्त की। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कई वर्षों से फरार 110 गैर म्यादी वारिटयों एवं 76 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। 56 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसी प्रकार अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर 173 लीटर कच्ची व 336 पाव देशी, विदेशी शराब जप्त की गयी है। कांबिंग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने रात्रि 9 बजे से रात्रि 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह, व समस्त नगर पुलिस अधीक्षकों, उप पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी के मार्ग निर्देशन में कराई गई। कॉम्बिग गस्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ अधिकारी एवं कर्मचारियों की टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे इसके साथ ही क्राईम ब्रांच की टीमें भी लगाई गयी।

मासिक वैस्कुलर ओपीडी की शुरुआत

नवभारत,जबलपुर। स्वस्थम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, नागपुर ने जटिल संवहनी (वैस्कुलर) रोगों के उन्नत उपचार हेतु जबलपुर में अपनी मासिक वैस्कुलर और एंडोवैस्कुलर ओपीडी शुरू करने की घोषणा की है। ओपीडी शुभारंभ के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. रोहित गुप्ता (विभागाध्यक्ष, वैस्कुलर सर्जरी), डॉ. कार्तिक गुप्ता (वैस्कुलर एवं एंडोवैस्कुलर सर्जन), डॉ. अभिजीत रोकाडे (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) तथा पीआर विभाग के नरेश सिंह और ललित ताओरी ने बताया कि यह ओपीडी हर महीने के अंतिम शनिवार को नारायणा हेल्थ क्लिनिक, स्टेट बैंक कॉलोनी, उखरी रोड में आयोजित की जाएगी, जिसका संचालन अस्पताल के अनुभवी वैस्कुलर सर्जन करेंगे।

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तिथि बढ़ी

▶ फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर

नवभारत,जबलपुर। प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर की भारत निर्वाचन आयोग ने समय सीमा बढ़ा दी है। इस संबंध में आयोग ने निर्देश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने सभी कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों को नवीन निर्देशों के पालन की हिदायत दी है।इसके अनुसार अब 11 दिसम्बर 2025 तक एन्युमरेशन फार्म भरने का काम बीएलओ द्वारा किया जाएगा। 16 दिसंबर को प्रारूप प्रकाशित होगा। 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक दावा-आपत्तियों के आवेदन लिए जाएंगे और 16 दिसंबर से 7 फरवरी तक दस्तावेज़ सत्यापन होगा। 14 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने भरना होगा फॉर्म-6

इसके साथ ही जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहा है, वह भी मतदात सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, हटवाने के लिए फॉर्म 7 और सुधार या संशोधन के लिए मतदाता को फॉर्म 8 भरना होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एन्यूमरेशन फार्म भरने में यदि कोई व्यक्ति मिथ्या घोषणा करता है तो जुर्माने या कारावास के लिए दंडनीय होगा।

जिले में 78.25 फीसदी डिजिटलाइजेशन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत जिले में मतदाताओं से प्राप्त गणना प्रपत्रों में से अभी तक 78.25 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 19 लाख 25 हजार 472 है। इनमें से अभी तक 15 लाख 06 हजार 760 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है।